## महत्वपूर्ण एवं खास

### मवेशी को बचाने के फेर में नाले में गिरी कार, दो गंभीर, 6 घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** मध्य रात्रि 2 बजे अनियंत्रित हुई एक कार नाले में जा गिरी। चालक को झपकी आने और उसी दौरान सडक पर आई मवेशी को बचाने के फेर में यह घटना हुई। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि 6 को सामान्य चोटें आई हैं। सभी को मेडिकल कॉलेज हास्पिटल कोरबा में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर कटघोरा थाना क्षेत्र के जेंजरा बायपास पर यह घटना हुआ। सक्ती जिले का एक परिवार अपने परिजन की मृत्यु के बाद अस्थि विसर्जन के लिए उत्तरप्रदेश के प्रयागराज गया हुआ था। त्रिवेणी संगम में परंपरा पूर्ति के बाद संबंधित लोग कार से सक्ती लौट रहे थे। कटघोरा के जेंजरा बायपास पहुंचने पर अचानक एक मवेशी ने सडक पार करने की कोशिश की। उस समय कार की रफ्तार औसत के आसपास थी। मवेशी को बचाने के चक्कर में चालक ने अचानक ब्रेक का उपयोग किया। इसके नतीजन कार बेकाबू होने के साथ नाले में जा गिरी। बताया गया कि दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, 6 अन्य को सामान्य चोटें आई। हादसे की जानकारी राहगीरों के जरिए स्थानीय पुलिस को प्राप्त हुई। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने फौरन डॉयल 112 को मौके पर भिजवाया। पुलिस कर्मियों ने पीडितों की सुध लेने के साथ उन्हें हायर सेंटर भेजने की कार्यवाही की।

### इंडोर स्टेडियम में खड़ी गाड़ी में लगी आग पर पाया गया काबू

**धमतरी (आरएनएस)।** धमतरी शहर स्थित इंडोर स्टेडियम के अंदर आज खड़ी गाड़ी में आग लग गई थी। इसकी सूचना मिलते ही जिला अग्निशमन अधिकारी शोभा ठाकुर ने तत्काल फायर टीम को आग बुझाने के लिए आदेशित किया। इस पर फायर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया। इस अवसर पर वाहन चालक दिलीप निषाद, फायरमैन रोहित सिवना एवं देवेंद्र साहू उपस्थित रहे।

### इंदिरा आईवीएफ में मरीज की मौत,जांच के लिए समिति गठित

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के इंदिरा आईवीएफ में मरीज की मौत के बाद हुए हंगामे के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की है। जानकारी के अनुसार मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति को गठित की गई है, जो सात दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी। समिति में स्त्री रोग विशेषज्ञ, एनेस्थीसिया एक्सपर्ट और नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी शामिल हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मिथलेश चौधरी के अनुसार प्रथम दृष्ट्या ही गंभीर लापरवाही नजर आ रही है। बता दें कि ने बताया कि पंडरी स्थित इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल में आईवीएफ के दौरान एक मरीज की मौत हो गई थी। और अस्पताल द्वारा मृत मरीज का ही इलाज किया जा रहा था। साथ ही मरीज के मौत के बाद हॉस्पिटल ने मरीज को दूसरे हॉस्पिटल में रिफर किया था। जिस पर स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया है।

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत, दशरंगपुर चौकी की घटना

**कवर्धा-रायपुर (आरएनएस)।** कबीरधाम जिले में दुखद घटना घटी है. तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई है. देर शाम जब बच्चे अपने घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन शुरू की गई. इस दौरान दोनों का शव तालाब में बरामद हुआ. मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह मामला दशरंगपुर चौकी का है. जानकारी के अनुसार, दशरंगपुर गांव में गुरुवार की शाम दो बच्चे तालाब नहाने गए थे. इस दौरान अधिक गहराई में जाने से दोनों की मौत हो गई. देर शाम दोनों बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की. तभी पास के तालाब किनारे दोनों बच्चों के कपड़े रखे हुए मिले. वहीं घटना की सूचना पुलिस को दी गई. जिसके बाद तालाब में देर रात खोजबीन शुरू की गई तो तालाब से दोनों बच्चों का शव बरामद हुआ.

# कोरबा में महिलाओं के हाथों होगी कमान, बनेंगी लोकतंत्र की पहचान

- जिले के 279 बूथों में दिखेगी महिला सशक्तिकरण की झलक
- मतदान दल के रूप में जिम्मेदारी मिलने पर है खुशी

**कोरबा**

अतीत...का वह एक ऐसा समय भी था जब दुनियां के कुछ देशों में महिलाओं को वोट देने तक का भी अधिकार नहीं था...लेकिन यह हमारा देश भारत है... एक ऐसा देश... जहां अलग-अलग धर्म और जाति के लोग निवास करते हैं... यहां की बोली, संस्कृति और परम्पराओं में भी विविधता है...कुछ इन्हीं समाहित विविधताओं वाले देश की अपनी भी एक पहचान है और वह पहचान है यहां का संविधान...यहां का लोकतंत्र। दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले इस देश में रहने वाले भारतीयों को अधिकार है कि वह अपने पसंद का जनप्रतिनिधि चुने और अपनी अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल लोकतांत्रिक तरीके से कर सके। वह चाहे पुरूष हो या महिला या फिर तृतीय लिंग..सभी को 18 वर्ष की आयु पूरी करने के साथ ही मतदान करने का संवैधानिक अधिकार है..। वर्षों पहले कुछ देशों में भले ही महिलाओं को वोट देने से दूर रखा गया, लेकिन यह समय के साथ शिक्षित होकर जागरूक होती, अपने अधिकारों की ओर आगे बढती महिलाओं की पहचान है कि चुनाव के मैदान में खड़ी होने के साथ ही मतदान कराने का दायित्व भी सम्हालना शुरू कर दिया है। लोकतंत्र के इस पर्व में महिलाओं की हिस्सेदारी और जिम्मेदारी कोरबा जिले में न सिर्फ जीता-जागता उदाहरण है, अपितु नारी सशक्तिकरण की झलक भी है जो कभी पुरूषों के हाथों थीं।

खास बात यह भी है कि इस बार कोरबा लोकसभा अंतर्गत कोरबा विधानसभा के 249 मतदान केंद्रों सहित जिले के अन्य 30 संगवारी केंद्रों में न सिर्फ महिला सशक्तिकरण की झलक देखने को मिलेगी, अपितु सभी बूथों में मतदान सम्पन्न कराने महिलाएं ही महती जिम्मेदारी निभाती नजर आयेंगी। मतदान दल के रूप में जिम्मेदारी सम्हाल रही महिलाओं को खुशी है कि उन्हें लोकतंत्र के इस पर्व में मतदान कराने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा में मतदान 7 मई को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में यह तैयारी लगभग अंतिम चरण में है। कोरबा लोकसभा के अंतर्गत कोरबा विधानसभा सीट में इस बार मतदान कराने के लिए जिन अधिकारी-कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है, उनमें सभी महिलाएं शामिल है। कोरबा विधानसभा के 249 बूथों पर लगभग 1150 महिला कर्मचारी होंगी। इसके साथ ही 69 माइक्रो आब्जर्वर, अनेक सेक्टर अधिकारी, सुरक्षा की जिम्मेदारी भी महिलाओं के हाथों सौंपी गई है। जिले के अन्य तीन विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र भी बनाएं गए हैं। इन संगवारी मतदान केंद्रों में भी कुल 180 महिलाओं की ड्यूटी लगी है। जिले में अब तक पुरूष कर्मचारी-अधिकारी ही मतदान कराते आ रहे हैं, कुछ स्थानों पर महिलाओं की डयूटी पहले भी लगाई जा चुकी है लेकिन यह पहली बार है कि किसी एक विधानसभा सीट के सभी बूथों पर पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी एक, मतदान अधिकारी दो और मतदान अधिकारी तीन के रूप में महिलाएं ही होंगी।

**महिला अधिकारी निभा रही है बड़ी जिम्मेदारी**

वैसे तो लोकतंत्र के इस महापर्व में अक्सर पुरूष अधिकारी और कर्मचारी अब तक बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन करते आ रहे हैं। यह पहला अवसर है कि कोरबा लोकसभा अन्तर्गत विधानसभा कोरबा में निर्वाचन कार्य की संपूर्ण जिम्मेदारी मतदान दल के रूप में महिलाएं निर्वहन करेंगी। वहीं नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई आईएएस, विगत विधानसभा निर्वाचन 2023 में उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सम्हाल चुकी सीमा पात्रे, एडीशनल एसपी नेहा वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी सिनीवाली गोयल, उद्यानिकी अधिकारी आभा पाठक, अंतव्यवसायी से निधि शिंदे, इंजीनियर यामिनी देवांगन, सीमा साहू, जूली तिर्की, शिखा ठाकुर जैसी अनेक महिलाएं निर्वाचन कार्य में निरन्तर सेवाएं दे रहीं हैं। वहीं लोकसभा निर्वाचन में मतदान दल में शामिल पीठासीन अधिकारी नीतू तिवारी, मतदान दल की अधिकारी पुष्पा राठौर और मास्टर ट्रेनर ज्योति शर्मा सहित अन्य महिला मतदानदल का कहना है कि निर्वाचन में भागीदारी गौरव की बात है। हम सभी ने प्रशिक्षण भी हासिल कर लिया है और निर्वाचन कार्य कराने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

## शादी की खुशिया बदली मातम में, सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**बलरामपुर रामानुजगंज | आरएनएस**

बलरामपुर रामानुजगंज आज सुबह 11 बजे के करीब रामानुजगंज से सब्जी लेकर अपने गांव धनगाव बाइक से जा रहे युवक की टक्कर विपरीत दिशा से आ रही यात्री बस से राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर वन विभाग के पुराने लकड़ी डिपो के समीप हो गई जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट लगी जिसे एंबुलेंस से 100 बिस्तर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धनगाव के मृणाल मंडल पिता केना मंडल उम्र 30 वर्ष आज सब्जी लेने रामानुजगंज आया था। जो अपनी बाइक में सब्जी पीछे बांधकर वापस अपने गांव सुबह 11 बजे के करीब आ रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से यात्री बस रणवीर आ रही थी जिससे टक्कर हो जाने के बाद मृणाल के सिर में गंभीर चोट लगी। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई वही मृणाल को एंबुलेंस से 100 बिस्तर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने घटना पर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। शादी की खुशिया बदली मातम में.....मृतक के छोटे भाई मधु मंडल की शादी कल हुई थी वही आज पार्टी था। जिस कारण पूरे घर में मेहमान भरे हुए थे एवं पार्टी की तैयारी जोर-शोर से चल रही थी मृणाल इस बीच रामानुजगंज सब्जी लेने आया था वह अपने साथ लौकी एवं अन्य सब्जी बाइक के पीछे बांधकर जा रहा था इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। घर के महिलाओं को सास चल रहा है कह कर देते रहे संतावना..... घटना के बाद मृणाल के घर से स्वजनों के साथ के साथ बहने भी आई थी बहने भाई का हाल देखकर फूट-फूट कर रोने लगी सब कोई उन्हें भाई का सास चल रहा है कह कर संतावना देते रहे कोई यह कहने की हिम्मत नहीं जुटा पाया कि अब भाई इस दुनिया मे नहीं रहा। मासूम सर से उठा पिता का साया, पूरे गांव में पसरा मातम..... जिस घर में शादी के बाद पार्टी की तैयारी जोर-शोर से चल रही थी पूरे गांव में खुशी की लहर थी वहीं घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया कोई भी विश्वास नहीं कर पा रहा था कि मृणाल अब हम लोगों के बीच नहीं रहा। मृणाल के लडक़ी 5 साल की एवं लडक़ा 2 साल का है दोनों मासूमों के सर से पिता का साया उठ गया। तमास बिन बने रहे लोग तत्काल नहीं की मदद..... घटना के बाद मृणाल चिलचिलाती धूप में 15 से 20 मिनट पड़ा रहा बहुत से लोग मौके पर उपस्थित थे परंतु सिर्फ सब तमास बिन बने रहे। कई घटना के बाद फोटो एवं वीडियो बनाने में लग रह तत्काल यदि अस्पताल पहुंचाया गया रहता तो शायद में जान बच सकती थी।

## कलेक्टर धर्मेश साहू ने किया दिव्यांग एवं बुजुर्ग के होम वोटिंग का निरीक्षण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने दिव्यांग और बुजुर्ग को उनके घर में डाकमत के माध्यम से मतदान सुविधा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सारंगढ़ के बनियापारा स्थित 85 वर्षीय बुजुर्ग नक्क्षेण केशरवानी के मकान में मतदान दल के कार्यों का अवलोकन किया। मतदान दल ने विधिवत डाकमत से मतदान कराया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, तहसीलदार कोमल साहू उपस्थित थे। सारंगढ़ के इस मतदान दल ने बुजुर्ग सुमन केशरवानी, सौरभ केशरवानी, पूजा केशरवानी, बिशनस्वरूप अग्रवाल आदि का होम वोटिंग से मतदान कराया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और जिला प्रशासन के द्वारा जिले में 1 और 3 मई को दिव्यांग और बुजुर्गों के सहमति के आधार पर घर बैठे डाकमत से मतदान करने की सुविधा दी गई।

## कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र रायगढ़ के समस्त छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेकर अपने मतों का प्रयोग करने हेतु नारा लगाया और शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ ए.के. सिंह ने छात्र-छात्राओं से आव्हान किया कि वे अपने मतों का प्रयोग देशहित में जरूर करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गंगाराम राठिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए अपने मतों का प्रयोग करना अत्यंत जरूरी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण ने अपनी भागीदारी निभाई।

## सुने मकान से 12 लाख के जेवरात और नगदी पार

**रायपुर | आरएनएस**

राजधानी रायपुर में चोरी का एक मामला सामने आया है। शातिर चोर सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम चोरी कर फरार हो गया था। पुलिस ने लगभग 12 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने लगभग 12 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी राजेश बरई ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह लक्ष्मीनगर झंडा चौक रायपुर में रहता है। 13 मार्च को प्रार्थी घर में ताला लगाकर परिवार के साथ मैनपाट गया हुआ था। राजेश 15 मई को जब वापस घर आया तो घर का मेन गेट का ताला टुटा हुआ था। साथ ही जैसे-जैसे घर के अंदर बढ़ते गया, घर के सभी लॉक टुटा हुआ था। अलमारी लॉकर भी टुटा हुआ था।

किसी अज्ञात चोर ने सूने मकान को निशाना बनाया था। उसने सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम लेकर फरार हो गया था। इस मामले पर प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था। घटना के सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी। घटना स्थल के आस पास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगाला गया। साथ ही मामले में मुखबिर लगाया गया।

**चोरी के पैसों से खरीदा था बाइक -** पुलिस ने घटना को अंजाम देने के आधार पर लूट और चोरी के प्रकरणों में हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र की गई। इस दौरान पुलिस को विभिन्न चोरी और नकबजनी के प्रकरणों में जेल जा चुके आरोपी राजू सिक्का को घटना स्थल के पास संदिग्ध अवस्था में देखे जाने की जानकारी मिली। मौके पर पुलिस टीम राजू सिक्का की पतासाजी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी के नगदी रकम से दोपहिया वहान खरीदा था।

**चोरी के स्कूटी से पहुंचा चोरी करने-** घटना के संबंध में पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। इस दौरान उसने चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया। साथ ही घटना को अंजाम देने के लिए थाना सिविल लाइन क्षेत्र से एक्टिवा वाहन को चोरी करना बताया। इस दौरान आरोपी राजू सिक्का को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के सोने चांदी के जेवरात और नगदी रकम से लिया गया दोपहिया वाहन और घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन जब्त किया गया है। जब्ती सामान का कुल कीमत 12 लाख रुपये आंकी गई है।

## पारधी गैंग के 5 सदस्य चढ़े दुर्ग पुलिस के हत्थे

**दुर्ग | आरएनएस**

एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग, एवं थाना धमधा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गत मार्च माह में धमधा थाना क्षेत्र के ग्राम पेंडरी में एक घर में डकैती कर लाखों रूपये के गहने लूटने वाले पारधी गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से लूट का सामान बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 29 मार्च 2024 को ग्राम पेण्डरी निवासी प्रार्थिया बैशाखिन साहू पति गन्नू लाल साहू द्वारा थाना धमधा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 28-29 मार्च की मध्य रात्रि प्रार्थिया एवं उसके पति अपने घर पर खाना खाकर सो रहे थे, तभी लगभग रात्रि 12:30 बजे घर की खिडक़ी, जो कि पक्का ईटा से ढका हुआ था परन्तु प्लास्टर नहीं हुआ था, उसमें लगी ईटों को अन्दर की ओर गिराकर 4 जवान लडक़े घर के अंदर घूसे और मेरे मुंह एवं नाक को दबा दिया, एक लडक़े के हाथ में बांस का डंडा रखा था, जिससे उसने मुझसे मारपीट किया और मेरे पहने हुए गहनों को निकाल कर व घर की पेटी में रखे नगदी रकम 10 हजार रूपए को लेकर चले गये। रिपोर्ट पर थाना धमधा में धारा 457, 394 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला (भा.पु.से.) के द्वारा चोरी के मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की शीघ्र पतासाजी एवं माल बरामदगी हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) वेदव्रत सिरमौर (रापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राईम) ऋचा मिश्रा (रापुसे), उप पुलिस अधीक्षक (क्राईम) हेम प्रकाश नायक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (धमधा) संजय पुंढीर (रापुसे) के मार्गदर्शन में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव पाण्डेय एवं थाना प्रभारी धमधा उपुअ (प्रशिक्षु) अजय सिंह के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना धमधा की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा घटना स्थल का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। घटना स्थल एवं उसके के आस-पास के मार्गों पर त्रिनयन ऐप से सीसीटीव्ही कैमरों की जानकारी लेकर फूटेज एकत्रित कर अवलोकन किया गया। टीम द्वारा पूर्व में चोरी एवं नकबजनी के संदेहियों एवं जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी, विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। सूचना संकलन से टीम को जानकारी प्राप्त हुई कि उपरोक्त घटनाक्रम पारधी गिरोह द्वारा की जाती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## 7 मई को शांतिपूर्ण मतदान व्यवस्था हेतु कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

- मतदान केंद्रों में पेयजल,स्वास्थ्य, छाया के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से मतदान कराने के लिए सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं के साथ ही परिसर में मतदाताओं हेतु छाया, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, वालिंटियर्स की व्यवस्था रखी जाये। कलेक्टर ने मतदान दिवस के दिन स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य केन्द्रों को खुला रखने, डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ तैनात रखने, एंबुलेंस की व्यवस्था करने और ओआरएस सहित अन्य दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

मतदान दिवस के दिन आवश्यक तैयारी के संबंध में बैठक लेते हुए कलेक्टर ने एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दिवस के पूर्व मतदान केन्द्रों की सफाई कराने, बिजली एवं फर्नीचर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसी भी मतदान केन्द्र में ईवीएम संबंधित खराबी की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित सेक्टर अधिकारी तत्काल ईवीएम को बदलें। जिन मतदान केन्द्रों में अधिक मतदाता हैं, वहां समय पर मतदान कराने हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये।

कलेक्टर ने गूगल मैप के माध्यम से सभी दलों की व्यवस्था के संबंध में स्थल एवं रूट संबंधी जानकारी दिए। इसके पश्चात वर्तमान में गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग के कहे अनुसार निर्देशित किया कि परिसर में शीतल पेयजल एवं मतदान केन्द्रों के अलावा परिसर में स्कूल एवं आंगनबाड़ी के रिक्त भवनों को खोलकर रखा जाये एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से कुर्सियों की व्यवस्था भी रखी जाये। कलेक्टर ने मतदान दिवस के दिन समय पर मतदान प्रतिशत की रिपोर्टिंग करने, मतदान दलों को सभी सामग्रियों के के साथ पोलिंग किट का वितरण करने, मतदान कर्मियों को रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराने, दिव्यांग एवं निःशक्त मतदाताओं को मतदाता रथ के माध्यम से मतदान केन्द्रों तक लाने की व्यवस्था करने, सेक्टर अधिकारियों सहित अन्य ईवीएम परिवहन वाले वाहनों में ट्रैकिंग हेतु जीपीएस लगाने, केन्द्रीय बलों के ठहरने की व्यवस्था करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि मतदान दिवस के दिन अनावश्यक विद्युत आपूर्ति न रोकी जाये।

कलेक्टर ने मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा वापसी के दौरान निर्धारित काउंटर पर मास्टर ट्रेनर तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और समय पर सामग्रियों के वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण प्रदान करने, पोस्टल बैलेट-ईडीसी को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाने और सीसीटीवी के माध्यम से सुरक्षा का ध्यान रखने के निर्देश दिए।